प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 06.09.2025 समय : 01:00 पी.एम.

0000

प्रदेश में बरसात का सिलसिला लगातार जारी है। पिछले 24 घंटों में भीलवाडा और अजमेर में बहुत भारी बारिश हुई। इसके अलावा बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, झालावाड़, राजसमंद, डूंगरपुर, अलवर, पाली और चित्तोड़गढ़ जिलों में भी भारी बारिश हुई। सबसे अधिक 16 सेंटीमीटर पानी भीलवाडा के बनेडा में बरसा। इस बीच आज भी कई स्थानों पर बरसात हो रही है। बारिश से नदी नालों में पानी की आवक बनी हुई है। जालौर में रूक–रूक कर बरसात का दौर बना हुआ है। पाली की खिवाणा और सिरियारी नदी पूरे वेग के साथ बह रही है। देसूरी से आना, सोनाणा, सारंगवास और शोभावास सहित कई गांवों का संपर्क टूट गया है। जवाई बांध के आज गेट खोले जायेंगे। इस अवसर पर पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत मौजूद रहेंगे। जवाई नदी के आस–पास के क्षेत्र में बसे लोगों को सावधानी बरतने की अपील की गई है। इसे लेकर जालौर में भी प्रशासन की ओर सतर्कता बरती जा रही है। उधर बीसलपुर बांध का जलस्तर लगातार बढ रहा है। इसको देखते हुए आज सुबह बांध के आठ गेट खोले गए। इनसे 96 हजार 160 क्यूसेक पानी बनास नदी में छोड़ा जा रहा है, जिससे नदी का जलस्तर भी बढ गया है। वहीं अजमेर में अतिवृष्टि से प्रभावित इलाकों का आज प्रभारी सचिव गायत्री राठौड़ ने दौरा किया। मौसम विभाग ने आज और कल प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों में तेज बरसात का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान उदयपुर और जोधपुर संभाग के कुछ हिस्सों में भारी से अतिभारी बारिश होने की प्रबल संभावना है। साथ ही अजमेर, बीकानेर, कोटा, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ क्षेत्रों में मध्यम और कहीं–कहीं तेज बारिश हो सकती है।

0000

जयपुर में कल रात एक पुरानी हवेली ढहने से एक बच्ची और उसके पिता की मृत्यु हो गई। एक अन्य की हालत गम्भीर बनी हुई है, जिसे सवाईमानसिंह अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सुभाष चौक स्थित ये चार मंजिला हवेली काफी पुरानी और जर्जर थी और देर रात अचानक गिर गई। मलबे में दबे चार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

0000

उत्तराखंड में मौसम में सुधार होने और सड़कों की मरम्मत के साथ चारधाम यात्रा और पंजीकरण प्रक्रिया आज फिर से शुरू हो गई। हालाँकि हाल ही में तेज बारिश के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हो जाने से गंगोत्री और यमुनोत्री की तीर्थयात्रा अभी स्थगित है। सड़क मार्ग चालू हो जाने से इन दोनों तीर्थ स्थलों की यात्रा फिर शुरू हो सकती है। जिलाधिकारियों को आवश्यकतानुसार यात्रा का प्रबंधन या निलंबन करने का अधिकार दिया गया है। इससे पहले राज्य में मूसलाधार बारिश के कारण चारधाम यात्रा 5 सितंबर तक अस्थायी रूप से रोक दी गई थी।

0000

राजस्थान रोडवेज के बेडे में 160 नई बसें शामिल की गई है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने जयपुर स्थित अमर जवान ज्योति से इन बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रोडवेज के प्रबंध निदेशक पुरूषोत्तम शर्मा के अनुसार इनमें 50 एक्सप्रेस और दो सुपर लग्जरी बसें शामिल है। बीते दिनों रोडवेज ने 288 बसों की खरीद प्रक्रिया शुरू की थी। इनमें से 160 बसें मिल चुकी है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा और विधायक गोपाल शर्मा भी मौजूद रहे।

0000

डीग के प्रभारी सचिव श्रवण कुमार जिले के दौरे पर है। उन्होंने आज राज्य सरकार के गांव चलो अभियान और शहर चलो अभियान की तैयारियां को लेकर जिलाअधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को अभियान में जनप्रतिनिधियों की भागीदारी बढाने के लिए प्रयास करने को

कहा। साथ ही ज्यादा से ज्यादा लोगों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पंहुचाने के लिए  काम करने के निर्देश दिए। इसके अलावा प्रभारी सचिव ने पंचगौरव कार्यक्रम की भी समीक्षा की।

0000

अनंत चतुर्दशी का पर्व आज श्रद्धा भाव के साथ मनाया जा रहा है। प्रदेशभर में दस दिन से चल रहा गणेश उत्सव आज गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ सम्पन्न हो रहा है। राजधानी जयपुर में जलमहल झील, मावठा और चंदलाई बांध सहित कृत्रिम तालाबों में भी गणपति की प्रतिमाओं का विसर्जन किया जा रहा है। विसर्जन यात्राओं में ढोल–नगाड़ों और आतिशबाजी गुलाल के रंग देखने को मिल रहे है। कोटा में भव्य शोभायात्रा का आयोजन हो रहा है। इसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सहित राज्य के कई मंत्री तथा जनप्रतिनिधि शामिल हुए है। वहीं विसर्जन यात्राओं के मद्देजन जिला प्रशसनों की ओर से लोगों को जल स्त्रोतों के ज्यादा नजदीक नहीं जाने का परामर्श जारी किया गया है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को अनंत चतुर्दशी पर्व की शुभकामनाएं दी है। एक सोशल मीडिया संदेश में उन्होंने कामना की है कि ये पावन पर्व सभी के जीवन में सकारात्मकता, बंधुत्व और आध्यात्मिक उन्नति का संदेश लेकर आए।

0000